प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 30

कक्षा–10 परीक्षा 2026–27

हिन्दी–अ (कोड–002)

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।

(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्नपत्र में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

खंड – क (अपठित बोध) 14

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बाधित करती है। इसके कारण बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। बाल श्रम का मुख्य कारण गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी है। भारत में कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपने बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर होते हैं, जिससे वे अपनी पढ़ाई नहीं कर पाते। इससे न केवल उनका वर्तमान प्रभावित होता है, बल्कि उनके भविष्य के अवसर भी सीमित हो जाते हैं।

भारत सरकार ने बाल श्रम को रोकने के लिए कई कानून और योजनाएँ बनाई हैं। 'बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम' 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। इसके अलावा, 'राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना' के माध्यम से बाल श्रमिकों को शिक्षा और पुनर्वास की सुविधा दी जाती है।

हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, बाल श्रम की समस्या अभी भी व्यापक रूप से बनी हुई है। इसे समाIत करने के लिए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की जरूरत है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे इस समस्या को समाIत करने में सहयोग करें। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही इस समस्या का समाधान संभव है, ताकि सभी बच्चों को एक उज्जवल भविष्य मिल सके।

(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) : बाल श्रम बच्चों के विकास को बाधित करता है।

कारण (R) : बाल श्रम बच्चों को शिक्षा से वंचित करता है।

i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) बाल श्रम के प्रमुख कारण क्या हैं –
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. गरीबी
II. शिक्षा की कमी
III. बेरोजगारी
IV. माता–पिता की शिक्षा प्राप्ति
विकल्प –
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. केवल कथन IV सही है।
iv. कथन I, II, III और IV सही हैं।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए:

	कॉलम 1		**कॉलम 2**
I	बाल श्रम अधिनियम 1986	1.	14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना प्रतिबंधित
II	राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना	2.	बाल श्रमिकों को शिक्षा और पुनर्वास की सुविधा प्रदान करना
III	बाल श्रम का मुख्य कारण	3.	गरीबी और शिक्षा की कमी

i. I (1), II (2), III (3)
ii. I (2), II (1), III (3)
iii. I (3), II (1), III (2)
iv. I (1), II (3), III (2)

(घ) बाल श्रम को समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने कौन–कौन सी योजनाएँ लागू की हैं?

(ङ) बाल श्रम का बच्चों और समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है?

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

सागर की लहरें,
निरंतर किनारे से टकराती हैं।
हर लहर एक नई कहानी कहती है,
जीवन के संघर्षों की,
जो कभी रुकते नहीं।
लहरों की इस आवाज़ में
जीवन का संगीत छिपा है।
सूरज की किरणों से चमकता पानी,
मानो स्वर्ण की चादर बिछ गई हो।
यह दृश्य हमें यह सिखाता है

कि जीवन के हर मोड़ पर
संघर्ष तो होंगे,
पर अंत में हर लहर,
सागर की गहराइयों से मिल जाती है,
और जीवन अपनी राह पा लेता है।
यह अनंत सागर,
हमें धैर्य, सहनशीलता
और निरंतरता का पाठ पढ़ाता है।

—मैथिलीशरण गुप्त

(क) इस काव्यांश में किस प्राकृतिक तत्व का मुख्य रूप से वर्णन किया गया है?
i. पर्वत
ii. नदी
iii. सागर
iv. आकाश

(ख) इस काव्यांश में सागर की लहरों के किन गुणों का उल्लेख किया गया है?
उचित विकल्प का चयन कीजिए:
I. लहरें निरंतर किनारे से टकराती रहती हैं।
II. लहरों में जीवन का संगीत छिपा है।
III. लहरें संघर्षों की प्रतीक हैं।
IV. लहरें सागर की गहराइयों से मिल जाती हैं।
विकल्प:
i. कथन I और II सही हैं।
ii. कथन I, II और III सही हैं।
iii. कथन I, II, III और IV सही हैं।
iv. कथन II और IV सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन (A) : सागर की लहरें संघर्ष की प्रतीक हैं।
कारण (R) : क्योंकि लहरें निरंतर किनारे से टकराकर अपनी दिशा बदलती हैं।
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) इस काव्यांश में सागर की लहरों का जीवन के संघर्षों से क्या संबंध बताया गया है?

(ङ) इस काव्यांश में कवि ने सागर को किस प्रकार से जीवन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है?

खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) जिसने सबसे पहले आग का आविष्कार किया, वह बड़ा आविष्कारक था। (सरल वाक्य में बदलें)

(ख) पिताजी के व्यक्तित्व के कुछ सकारात्मक पहलू गिरती आर्थिक स्थिति के कारण नष्ट हो गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) बालगोबिन भगत जानते थे कि अब बुढ़ापा आ गया है। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(घ) हालदार साहब को उधर से गुजरते समय मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ङ) अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली है। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) पानवाले ने यह रहस्य बता दिया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) नायक की सफलता में संगतकारों द्वारा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) पिता जी ने अपनी आर्थिक स्थिति का ज़िक्र नहीं किया। (भाववाच्य में बदलिए)

(घ) मानव की योग्यता ने आत्म–विनाश के साधनों का आविष्कार किया। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

(ङ) किस वाच्य में क्रिया का संबंध न तो कर्ता से होता है और न ही कर्म से?

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद–परिचय लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) <u>यहाँ</u> नरकट पाई जाती है।

(ख) बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने <u>खेत</u> में धान रोप रहे हैं।

(ग) वह मुझसे <u>दो</u> साल बड़ी, खूब गोरी, स्वस्थ और हँसमुख बहिन सुशीला थी।

(घ) <u>उन्होंने</u> बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा–मिला नमक और मिर्च बुरक दी।

(ङ) मूर्ति की आँखों पर <u>कोई</u> भी, वैसा भी चश्मा नहीं था।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए– $4 \times 1 = 4$

(क) <u>इतना रोया था मैं उस दिन ताल–तलैया सब भर डाले</u>।

(ख) <u>ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए</u>।

(ग) <u>सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा</u>।

(घ) <u>यौवन में माती मटरबेलि अलियों से आँख लड़ाती है</u>।

(ङ) सुनत जोग लागत है <u>ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी</u>।

खंड–ग 30

(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

1. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं, किंतु बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं! हाँ, गाते–गाते कभी–कभी पतोहू के नजदीक भी जाते और रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात? मैं कभी–कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए, किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था– वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है। बेटे के क्रिया–कर्म में तूल नहीं किया; पतोहू से ही आग दिलाई उसकी। किंतु ज्यों ही श्राद्ध की अवधि पूरी हो गई, पतोहू के भाई को बुलाकर उसके साथ कर दिया, यह आदेश देते हुए कि इसकी दूसरी शादी कर देना। इधर पतोहू रो–रोकर कहती– मैं चली जाऊँगी तो बुढ़ापे में कौन आपके लिए भोजन बनाएगा, बीमार पड़े तो कौन एक चूल्लू पानी भी देगा? मैं पैर पड़ती हूँ, मुझे अपने चरणों से अलग नहीं कीजिए। लेकिन भगत का निर्णय अटल था। तू जा, नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा– यह थी उनकी आखिरी दलील और इस दलील के आगे बेचारी की क्या चलती।

(क) बालगोबिन भगत पतोहू से क्या कह रहे थे?
कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. रोने के बदले उत्सव मनाने को
II. घर छोड़ने की तैयारी करने को
III. अपने बेटे की याद में रोने को
IV. गाँव की स्त्रियों को बुलाने को
विकल्पः
i. केवल कथन I सही है।
ii. कथन I और II सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I और IV सही हैं।

(ख) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः
कथन (A) : बालगोबिन भगत ने पतोहू को घर छोड़ने का आदेश दिया।
कारण (R) : बालगोबिन भगत नहीं चाहते थे कि पतोहू उनकी सेवा करे।
विकल्पः
i. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ग) बालगोबिन भगत ने श्राद्ध के बाद पतोहू को किसके साथ भेज दिया?
i. उसके माता–पिता के साथ
ii. उसके भाई के साथ
iii. गाँव की स्त्रियों के साथ
iv. किसी और परिवार के साथ

(घ) पतोहू बालगोबिन भगत से क्या अनुरोध कर रही थी?
i. उसे अपने पास रखने का
ii. दूसरी शादी न करने का
iii. अपने बेटे को याद करने का
iv. गाँव से बाहर न भेजने का

(ङ) इस गद्यांश का मुख्य भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए–
I. बालगोबिन भगत का मृत्यु और जीवन के प्रति विश्वास
II. पतोहू की दूसरी शादी
III. बालगोबिन भगत की धार्मिक आस्था
IV. बालगोबिन भगत का कठिन निर्णय
विकल्पः
i. कथन I और IV सही हैं।
ii. कथन II और III सही हैं।
iii. केवल कथन III सही है।
iv. कथन I और II सही हैं।

8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लग. भग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में नगरपालिका की कार्य–पद्धति पर व्यंग्य छिपा है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर लिखिए कि उस समय में लड़कियों की स्थिति कैसी थी, क्या वे पूर्णतः स्वतंत्र थीं?

(ग) रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर बालाजी के मंदिर जाना बिस्मिल्ला खाँ को क्यों अच्छा लगता था?

(घ) लेखक को नवाब साहब के किन हाव–भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए– $5 \times 1 = 5$

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।।
इहाँ कुम्हड़बतिआ कोउ नाहिं। जे तरजनि देखि मरि जाहीं।।
देखि कुठारू सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।

भृगसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहौं रिस रोकी।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई।।
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। ब्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा।।
जो बिलोकि अनुचित कहेउँ छमहु महामुनि धीर।
सुनि सरोष भृगबंसमनि बोले गिरा गंभीर।।

(क) 'बिहसि लखनु बोले मृदु बानी' पंक्ति में लक्ष्मण की मुस्कराहट का कारण क्या है?
i. परशुराम के गुस्से का उपहास करना
ii. परशुराम की शक्ति का सम्मान करना
iii. परशुराम की धमकी को मजाक में लेना
iv. परशुराम के क्रोध से असहमति

(ख) 'पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू' पंक्ति में लक्ष्मण किसका संकेत दे रहे हैं?
I. परशुराम के क्रोध का
II. परशुराम के युद्ध कौशल का
III. परशुराम की धमकी का
IV. परशुराम की वीरता का
विकल्प :
i. कथन I सही है।
ii. कथन I और III सही हैं।
iii. कथन III और IV सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए:
कथन (A) : लक्ष्मण ने परशुराम का क्रोध हल्के में लिया।
कारण (R) : लक्ष्मण को परशुराम के क्रोध का सामना करने का साहस था।
i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) 'इहाँ कुम्हड़बतिआ कोउ नाहिं' पंक्ति में लक्ष्मण किसकी ओर संकेत कर रहे हैं?
i. यहाँ कोई कमजोर नहीं है
ii. यहाँ कोई मूर्ख नहीं है
iii. यहाँ कोई डरपोक नहीं है
iv. यहाँ कोई असमर्थ नहीं है

(ङ) 'कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा' पंक्ति में लक्ष्मण का क्या अभिप्राय है?
I. परशुराम के वचन कठोर हैं
II. परशुराम का क्रोध आकाश के समान है
III. परशुराम के वचन आशीर्वाद हैं
IV. परशुराम के वचन वज्र के समान कठोर हैं

विकल्पः

i. कथन I सही है।
ii. कथन II और III सही हैं।
iii. कथन III और IV सही हैं।
iv. कथन I और IV सही हैं।

10. निर्धारत कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए– $3 \times 2 = 6$

(क) गोपियों ने किन–किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं?

(ख) फागुन में ऐसा क्या होता है, जो शेष ऋतुओं से भिन्न होता है, 'अट नही रही है' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है?

(घ) संगतकार की भूमिका का महत्व कब सामने आता है?

11. पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए– $2 \times 4 = 8$

(क) 'माता का अँचल' पाठ में चित्रित ग्राम्य संस्कृति और आज की ग्रामीण संस्कृति में क्या भिन्नता है?

(ख) 'कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती हैं। 'साना साना हाथ जोड़ि...' पाठ के इस कथन में निहित जीवनमूल्यों को स्पष्ट कीजिए और बताइए कि देश की प्रगति में नागरिक की क्या भूमिका है?

(ग) वर्तमान समय में मनुष्य अपने झूठ अहम के कारण किसी भी सीमा तक जा सकता है। वह अपने कृत्य से होने वाली हानि का विश्लेषण नहीं करता। 'मैं क्यों लिखता हूँ?' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

खंड–घ (रचनात्मक लेखन) 20

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– $1 \times 6 = 6$

(क) प्रदूषण : एक समस्या

संकेत बिन्दु :

- परिचय
- प्रदूषण के तत्त्व
- प्रदूषण के प्रकार
- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण के प्रभाव
- प्रदूषण को रोकने के उपाय

(ख) दहेज प्रथा : एक अभिशाप

संकेत बिन्दु :

- सामाजिक समस्या
- रोकथाम के उपाय
- युवकों का कर्तव्य

(ग) मन के हारे हार है मन के जीते जीत

संकेत बिन्दु :

- निराशा
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

13. (क) आपने समाचार पत्र में समाचारवाचन के कोर्स के बारे में पढ़ा। आप उस संस्थान के पते पर लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर कोर्स की अवधि, फीस, समय आदि की जानकारी प्राप्त कीजिए। $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर बताइए कि महानगरीय जीवन दुखद भी है और सुखद भी।

14. (क) शिव गारमेंट प्रा.लि. को सहायक प्रबंधक की आवश्यकता है। इसके लिए आवेदन करने हेतु स्ववृत्त तैयार कीजिए। (लगभग 80 शब्दों में) $1 \times 5 = 5$

अथवा

(ख) समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करने पर भी आधार कार्ड न मिलने की शिकायत करते हुए संबंधित अधिकारी को एक ई-मेल लिखिए। (लगभग 80 शब्दों में)

15. (क) पुस्तक विक्रेता के लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। $1 \times 4 = 4$

अथवा

(ख) आपके मित्र ने इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़कर समाज-सेवा के लिए जीवन अर्पित कर दिया है। उसे लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना-संदेश लिखिए।

www.nodia.in